हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 1 अप्रैल 2026

04 बदहाल हो चुके ट्रैफिक पर कलेक्टर द्वारा सर्जरी...



05 आज से शुरू होगी ट्रेनिंग,अगले महिने...






## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में हुई 120 आवेदनों पर कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 120 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में एसडीएम अमन मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर विजय डेहरिया, सिटी मजिस्टेट गगन विशेन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई।

### कलेक्टर ने अधिकारियों का किया कार्य-विभाजन

**सागर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संदीप जी आर द्वारा प्रशासनिक कार्यों को अधिक सुचारु एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अधिकारियों के बीच कार्य-विभाजन में आंशिक संशोधन करते हुए नवीन आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार, संयुक्त कलेक्टर गगन विसेन को नगर निगम क्षेत्र एवं नगर दण्डाधिकारी से संबंधित दायित्वों के साथ सहायक आयुक्त, नजूल अधिकारी तथा विभिन्न शाखाओं जैसे स्थापना, शिकायत, समाधान ऑनलाइन एवं न्यायिक शाखा का प्रभार सौंपा गया है।इसी प्रकार डिप्टी कलेक्टर विजय डेहरिया को राजस्व, वित्त, नजारत, लोक सेवा गारंटी, सीएम हेल्पलाइन, टीएल, मॉनिटरिंग तथा अन्य महत्वपूर्ण शाखाओं की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही उन्हें विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं शिकायतों के निराकरण की निगरानी का दायित्व भी सौंपा गया है।डिप्टी कलेक्टर रजत सोनी को पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, आबकारी, स्टेनो, रीडर, जनसुनवाई, पीसीपीएनडीटी तथा खेल एवं युवा कल्याण सहित अन्य शाखाओं का प्रभार दिया गया है। इसके अतिरिक्त उन्हें जनप्रतिनिधियों से संबंधित पत्राचार एवं महत्वपूर्ण प्रकरणों के समन्वय की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। उक्त जारी निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि सभी अधिकारी अपने-अपने प्रभार वाले विभागों के कार्यों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करेंगे तथा समन्वय बनाकर प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करेंगे।

### केसली में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 7 का निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर एसडीएम राजनंदनी शर्मा ने आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-7 केसली का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों की पढ़ाई, पोषण आहार, साफ-सफाई तथा स्टाफ की कार्य व्यवस्था सहित आंगनवाड़ी केंद्र की समग्र व्यवस्था का जायजा लिया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई को और बेहतर बनाने, पोषण आहार में कोई कमी न आने देने तथा बच्चों की पढ़ाई को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम राजनंदनी शर्मा ने बच्चों के साथ बैठकर उनकी पढ़ाई का जायजा लिया।

### गंभीरिया में सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ

**सागर।** जन अभियान परिषद खुरई की नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, गंभीरिया बुजुर्ग के अध्यक्ष श्री बलराम दुबे द्वारा श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में जल मंदिर (सार्वजनिक प्याऊ) का शुभारंभ समाजसेवी श्री सतीश कृष्ण विरथरे के कर कमलों से किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों के साथ ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मोहन दास दुबे, वृजकिशोर दुबे, महेश प्रसाद मिश्रा (उपाध्यक्ष), रामप्रसाद साहू, रामचरन साहू, कल्याण सिंह दांगी, मूरत सिंह एवं गुलाब पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

---

**बजट में नगर विकास एवं सौन्दर्यीकरण के लिए प्रावधान किए गए**

# नगर निगम का वित्तीय वर्ष 2026-27 का 1 करोड़ 60 लाख 15 हजार रुपए का घाटे का बजट सर्वसम्मति से पारित

### जनहित को दृष्टिगत रखते हुये कोई भी नये कर का प्रावधान नहीं, अप्रैल माह में जलकर की एक वर्ष की अग्रिम राशि जमा करने पर मिलेगी एक माह के जलकर की छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



नगर निगम सागर का वित्तीय वर्ष 2026-27 का जनहित कार्य एवं शहर विकास को समर्पित बजट महापौर संगीता सुशील तिवारी ने प्रस्तुत किया। जिसमें आम नागरिकों को कोई भी करारोपण न करते हुये विकास की योजनायें प्रस्तुत की। बजट में आय 6 अरब 4 करोड, 33 लाख 75 हजार रूपये एवं व्यय 6 अरब 5 करोड़ 93 लाख 90 हजार रूपये, घाटा 1 करोड़ 60 लाख 15 हजार रूपये के बजट को प्रस्तुत करते हुये महापौर ने आशा व्यक्त करते हुये कहा कि घाटे की भरपायी संपत्तिकर, जलकर, दुकानों के किराये तथा व्यवसायिक काम्पलेक्स आदि से वसूली कर कर ली जावेगी।

इसके साथ ही जनहित को दृष्टिगत रखते हुये जलकर की एक वर्ष की अग्रिम राशि अपै्रल माह में जमा करने पर एक माह के जलकर की छूट प्रदान की जायेगी। मंगलवार को बजट प्रस्तुत करने के दौरान निगमाध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार की अध्यक्षता में, सभापति वित्त एवं लेखा सुश्री मेघा दुबे, निगमायुक्त राजकुमार खत्री थे।

निगमाध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में किये गये प्रावधानों पर सभी पार्षदों से सुझाव लिये तथा विस्तृत चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से बजट पारित करने की स्वीकृति प्रदान की।

बजट प्रस्तुत करते हुये महापौर ने कहा कि सागर नगर के समग्र विकास, सुव्यवस्थित नगरीय प्रबंधन एवं नागरिकों को उच्च गुणवत्ता की आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026.27 का यह बजट प्रस्तुत किया जा रहा है। यह बजट शहर के सतत विकासए स्वच्छता, हरित वातावरणए उन्नत अधोसंरचना तथा जनसहभागिता को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है।नगर निगम का यह संकल्प है कि सागर को एक स्वच्छ, सुंदर, सुरक्षित एवं आधुनिक शहर के रूप में विकसित किया जाए। इसके अंतर्गत सड़कों के उन्नयन, जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार, सीवरेज नेटवर्क के विस्तार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था तथा डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके साथ हीए शहर के प्रमुख चैराहों, पार्कों एवं सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण, हरित पट्टियों के विकास, झीलों के संरक्षण एवं पर्यटन स्थलों के उन्नयन को प्राथमिकता दी गई है। नागरिकों के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए नियमित सफाई व्यवस्था, कचरा संग्रहण एवं प्रसंस्करण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा।

महापौर ने कहा कि नगर निगम सागर का वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट आपके विश्वास, सहयोग एवं सहभागिता का प्रतिबिंब है। यह बजट केवल आय.व्यय का विवरण नहीं बल्कि हमारे शहर के उज्ज्वल भविष्य की रूपरेखा है। हमारा लक्ष्य है कि सागर को स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और सुव्यवस्थित विकास के क्षेत्र में अग्रणी शहर बनाया जाए। इसके लिए हमने श्स्वच्छ सागरए सुंदर सागरश की अवधारणा को अपनाते हुए शहर के प्रत्येक वार्ड में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया है। इस बजट में शहर की सड़कों को बेहतर बनानेए जल निकासी की समस्या का समाधान करने, पेयजल आपूर्ति को नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने तथा आधुनिक स्ट्रीट लाइटिंग व्यवस्था लागू करने की दिशा में ठोस कदम उठा रहे हैं साथ ही शहर के उद्यानों, ऐतिहासिक स्थलों एवं झील का संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है, डिजिटल इंडिया के अनुरूप नगर सेवाओं को ऑनलाइन एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में भी और प्रभावी कार्यवाही की जा रही है जिससे नागरिकों को सुविधाजनक एवं त्वरित सेवाएँ प्राप्त हो सकें।

---



# गैस किल्लत पर कांग्रेस का हल्लाबोल, खाली सिलेंडर लेकर तहसील पहुंचा जनआक्रोश

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा में एलपीजी गैस की किल्लत को लेकर कांग्रेस ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला ग्रामीण अध्यक्ष भूपेंद्र मौहसा के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मंगलवार को बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता फटका तिगड्डा पर एकत्रित हुए और थाली बजाते हुए रैली के रूप में तहसील कार्यालय पहुंचे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने खाली गैस सिलेंडर हाथों में और सिर पर रखकर अनोखे अंदाज में विरोध जताया। "सिलेंडर गायब,सरकार जवाब दो"जैसे नारों से गूंज उठा। तहसील कार्यालय पहुंचकर कांग्रेस नेताओं ने तहसीलदार महेश दुबे को ज्ञापन सौंपा और गैस की किल्लत, बढ़ती कीमतों और कालाबाजारी पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। प्रदेश प्रवक्ता ज्योति पटेल ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रहे संघर्ष का खामियाजा भारत की आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ईंधन प्रबंधन में पूरी तरह विफल रही है। ज्योति पटेल ने कहा कि एक ओर एलपीजी गैस के दाम लगातार बढ़ाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सब्सिडी कम कर दी गई है। हालात यह हैं कि लोगों के नंबर आने के बावजूद सिलेंडर की सप्लाई नहीं हो रही है, जिससे आम परिवारों की रसोई प्रभावित हो रही है। कांग्रेस नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि स्थानीय प्रशासन गैस की कालाबाजारी रोकने में नाकाम साबित हो रहा है, जिससे आम जनता को और ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस विरोध प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जानकी प्रसाद कुर्मी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद कोरी, संजय पटेरिया, शेख मजीद खान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। कुल मिलाकर, गढ़ाकोटा में कांग्रेस का यह प्रदर्शन साफ संकेत दे रहा है कि गैस किल्लत और महंगाई का मुद्दा अब सड़कों पर गरमाता जा रहा है।

---




# बजटः रहली के विकास को लगेंगे पंख, 97 करोड़ के बजट में 'गीता भवन' और 'सोलर पार्क' की सौगात!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

मंगलवार को रहली नगरपालिका की अहम बैठक में विकास का नया रोडमैप तैयार किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष देवराज सोनी की अध्यक्षता में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए एक संतुलित और लाभ का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस बजट की सबसे खास बात यह रही कि इसमें शहर के आधुनिक विकास के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों का भी पूरा ध्यान रखा गया है।वही नामांतरण के 153 प्रकरण स्वीकृत किए गए।

बजट का गणितः मुनाफे की ओर बढ़ते कदम, नगरपालिका ने आय और व्यय का जो खाका पेश किया है, वह शहर की मजबूत वित्तीय स्थिति को दर्शाता हैः कुल अनुमानित आयः 97 करोड़ 49 लाख 41 हजार कुल अनुमानित व्ययः 97 करोड़ 29 लाख 87 हजार शुद्ध लाभः 19 लाख 54 हजार

### बजट की 6 बड़ी घोषणाएं

अध्यक्ष देवराज सोनी ने बताया कि इस बजट में शहर के कायाकल्प के लिए कई बड़े प्रोजेक्ट्स को शामिल किया गया है, जिन्हें स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जा रहा हैः गीता भवनः शहर की सांस्कृतिक गरिमा बढ़ाने के लिए 7 करोड़ की भारी-भरकम राशि से भव्य गीता भवन का निर्माण होगा। सोलर पार्कः ऊर्जा संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 3 करोड़ की लागत से सोलर पार्क विकसित किया जाएगा। रैन बसेराः बेसहारा और मुसाफिरों के लिए 1 करोड़ की लागत से सर्वसुविधायुक्त रैन बसेरा बनेगा। ई-लाइब्रेरीः छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य और डिजिटल शिक्षा के लिए 30 लाख का प्रावधान। गो-सेवा केंद्रः आवारा मवेशियों की समस्या के समाधान और उनकी सेवा के लिए 50 लाख से केंद्र बनेगा। अधोसंरचना विकासः शहर की बुनियादी सुविधाओं के लिए 8.50 करोड़ के विशेष कार्य प्रस्तावित हैं। बैठक के दौरान नपा अध्यक्ष ने सभी वार्ड पार्षदों से अपने-अपने क्षेत्रों में नवीन सड़क और नाली निर्माण के लिए नए प्रस्ताव मांगे हैं। इससे स्पष्ट है कि आने वाले समय में रहली के हर मोहल्ले में विकास की नई इबारत लिखी जाएगी।

देवराज सोनी अध्यक्ष नगर पालिका रहली ने कहा यह बजट रहली के हर नागरिक की उम्मीदों का बजट है। हमने विकास के साथ-साथ शहर को आधुनिक और आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया है।

---

# खुरई में शराब दुकान हटाने को लेकर फिर विरोध, रहवासियों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई



खुरई के तलैया नाका में शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर एक बार फिर हंगामा खड़ा हो गया। प्रशासन की ओर से दुकान हटाने के लिए दिए गए 15 दिन के भरोसे के बाद भी जब कार्रवाई नहीं हुई, तो गुस्साए वार्ड के लोगों ने चक्काजाम कर दिया। मौके पर पहुंचे तहसीलदार डॉ. राकेश कुमार ने लोगों को समझाया और दुकान न खुलने का भरोसा दिया। तलैया नाका की इस शराब दुकान को लेकर विवाद काफी समय से चल रहा है। इससे पहले भी स्थानीय लोगों ने बड़ा आंदोलन किया था, जिसके बाद एसडीएम मनोज चौरसिया ने लिखित में वादा किया था कि 15 दिनों के अंदर दुकान को दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया जाएगा। सोमवार को वार्ड के लोग इसी वादे की याद दिलाने के लिए तहसीलदार को ज्ञापन देने पहुंचे थे।

ज्ञापन देने के कुछ ही घंटों बाद खबर फैली कि शराब दुकान को तलैया नाका से हटाकर ठीक सामने के खाली मैदान में खोलने की तैयारी हो रही है। यह सुनते ही महिलाएं, पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में सड़क पर उतर आए और रास्ता जाम कर दिया। भीड़ का गुस्सा देखकर दुकान का काम करने वाले लोग वहां से भाग खड़े हुए।

### प्रशासन की सफाई और लोगों की चेतावनी

हंगामे की सूचना मिलते ही तहसीलदार डॉ. राकेश कुमार और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। तहसीलदार ने लोगों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन अपने वादे पर अडिग है और दुकान को रिहायशी इलाके से दूर ही भेजा जाएगा। वहीं, वार्ड की महिलाओं और निवासियों ने साफ कर दिया है कि वे किसी भी कीमत पर अपने इलाके में शराब दुकान नहीं खुलने देंगे। सोमवार शाम को भी सुरक्षा के लिहाज से बड़ी संख्या में महिलाएं तिराहे पर जुटी रहीं।

---



# अखिल भारतीय धानुक समाज संगठन ने महाराज धानुक मुनि की जयंती मनाई

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा स्थित नटराज आडिटोरियम में अखिल भारतीय धानुक समाज संगठन द्वारा महाराज धानुक मुनि जयंती मनाई गई। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। आयोजन के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री पं गोपाल भार्गव की उपस्थिति में यह आयोजन अत्यंत भव्य एवं श्रृद्धा से परिपूर्ण रहा। महाराज धानुक मुनि के पूजन अवसर पर उपस्थित समस्त समाज के वरिष्ठजन एवं श्रद्धालुजनों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने कहा कि आपका यह श्रद्धा और भक्ति से भरा आयोजन समाज में एकता, सद्भावना और संस्कारों को मजबूत करने का कार्य करेगा। महाराज धानुक मुनि की कृपा से आप सभी को सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य प्राप्त हो।इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे, एस. डी. बंसकार प्रदेश अध्यक्ष धानक समाज, नगर, ब्लॉक एवं जिला के सभी पदाधिकारी सहित समाज के सभी वरिष्ठ जन और गणमान्य बंधु उपस्थित रहे।

---

# नन्हें हाथों में किताब लेकर स्कूल चलें हम, गीत से सारिका घारू ने दिया प्रवेशोत्सव का न्योता

**सागर।** नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के आगाज के साथ ही शिक्षा की अलख जगाने की तैयारी पूरी हो चुकी है। इसी कड़ी में राष्ट्रपति एवं राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित नवाचारी विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने अपने अनूठे अंदाज में बच्चों को स्कूल की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया है। सारिका घारू ने नन्हे-नन्हे हाथों में किताब लेकर स्कूल चलें हम गीत के मधुर संदेश के माध्यम से विद्यार्थियों और अभिभावकों को आज (1 अप्रैल ) से आरंभ प्रवेशोत्सव के लिए आमंत्रित किया है। सारिका घारू न केवल एक संदेश दे रही हैं, बल्कि संगीत के माध्यम से प्रवेश उत्सव को एक पर्व के रूप में मनाते हुए शत-प्रतिशत नामांकन का संकल्प दोहरा रही हैं। इस जागरूकता कार्यक्रम मे अभिभावकों से भी अपील की गई है कि वे अपने बच्चों का प्रवेश सरकारी स्कूलों में कराकर उनके भविष्य को उज्जवल बनाए । सारिका घारू ने कहा कि इस आह्वान का उद्देश्य हर बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़कर उनके उज्जवल भविष्य की नींव रखना है।

---



# अग्रवाल समाज सागर ने विधायक शैलेंद्र जैन का सामाजिक अभिनंदन कर जताया आभार

**सागर।** नगर विधायक शैलेंद्र जैन द्वारा अग्रवाल समाज को मंगल भवन (महाराजा अग्रसेन मंडपम) के लिए जगह उपलब्ध कराकर उसके निर्माण हेतु विधायक निधि से राशि स्वीकृत करने पर अग्रवाल विकास सभा के अध्यक्ष आलोक अग्रवाल के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधि मंडल विधायक शैलेंद्र जैन से भेंट कर उनका शाल श्रीफल पुष्प मालाओ से सामाजिक अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया इस अवसर पर विधायक की धर्मपत्नी एवं लीगल राइट्स काउंसिल की प्रदेशाध्यक्ष समाजसेवी अनुश्री जैन साथ रही। अभिनंदन से अभिभूत शैलेंद्र जैन ने कहां मेरा अग्रवाल समाज से सदैव पारिवारिक जुड़ाव रहा है। अग्रवाल समाज का देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान के साथ साथ सामाजिक प्रकल्पों में अग्रणी सहभागिता रहती हैं। ऐसे सेवाभावी समाज के मंगल भवन का निर्माण उसकी उपयोगिता सिद्ध करेगा। अग्रवाल विकास सभा के सचिव मोहन अग्रवाल ने बताया कि विधायक द्वारा समाज के कार्यक्रम में मंगल भवन निर्माण का वचन किया गया था जिसे उन्होंने पूरा किया मंगल भवन की स्वीकृति पर पूरे अग्रवाल समाज में हर्ष व्याप्त है समाज के सभी पदाधिकारियों ने उनका आभार व्यक्त किया है।इस अवसर पर राकेश अग्रवाल रज्जन भैया, अलोक अग्रवाल, शशिकांता अग्रवाल, शिव भीमसरिया, अशोक अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, बंटी अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, विजय अग्रवाल, हेमंत पोद्दार, छाया अग्रवाल, दीपा अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, आकांक्षा अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, प्रीती अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, पियूष अग्रवाल, विकास अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, राजेंद्र मलैया, विशाल अग्रवाल, विनय अग्रवाल, गोल्डी अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, मधु अग्रवाल, प्रज्ञा अग्रवाल, रीति अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, सोनल अग्रवाल, ममता अग्रवाल, बरखा पोद्दार निशि अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, अनुश्री अग्रवाल आदि समाजजन उपस्थित रहे।

---

**सफलता की कहानीः सागर की बेटी आयुषी अग्रवाल का पीटीएस में सम्मान**

# अंतरराष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग में कांस्य पदक जीतकर बढ़ाया गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



पुलिस प्रशिक्षण शाला सागर में आज सागर की बेटी सुश्री आयुषी अग्रवाल के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयुषी अग्रवाल द्वारा हिमेजी, जापान में आयोजित एशिया-अफ्रीका पैसिफिक अंतरराष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग चौंपियन शिप में 425 किलोग्राम वजन उठाकर देश को कांस्य पदक दिलाया गया। उन्हें यह पदक बेंच प्रेस इवेंट में हासिल हुआ।

आयुषी सागर के सराफा व्यापारी अशोक अग्रवाल की पुत्री हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में पदक हासिल कर न केवल अपने परिवार, बल्कि शहर और देश का मान बढ़ाया है। बुंदेलखंड के इतिहास में यह पहली बार है जब किसी महिला खिलाड़ी ने पॉवर लिफ्टिंग इवेंट में अंतरराष्ट्रीय पदक जीता है।आयुषी ने अपने अधिकतम 417 किलो ग्राम वजन के रिकॉर्ड को भी तोड़ते हुए नया मुकाम हासिल किया। इस अवसर पर पुलिस प्रशिक्षण शाला सागर की पुलिस अधीक्षक श्रीमती लवली सोनी द्वारा पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। सुश्री आयुषी अग्रवाल ने इकाई में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षुओं को फिटनेस एवं डाइट प्लान के संबंध में जानकारी प्रदान की तथा देश के लिए कांस्य पदक जीतने हेतु किए गए परिश्रम एवं प्रयासों के अनुभव साझा किए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक लवली सोनी द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में पुलिस प्रशिक्षण शाला सागर के निरीक्षक अफरोज खान, रूपाली पाण्डेय, ज्ञानेन्द्र शुक्ला, मनीषा सिंह, के.एन. अरजरिया, उपनिरीक्षक रिंको राठौर, मिनी पाठक, सहायक उपनिरीक्षक उमाशंकर दुबे, जयराम यादव, आरक्षक पवन वर्मा, दीपिका सिंह, सोबरन अहिरवार सहित समस्त पीटीएस स्टाफ एवं इकाई में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नव आरक्षक प्रशिक्षु तथा आरक्षक प्रधान आरक्षक प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा को लेकर हुई बैठक में लिए कड़े फैसले, उदासीनता पर लगी फटकार

# बदहाल हो चुके ट्रैफिक पर कलेक्टर द्वारा सर्जरी की तैयारी, बदलेंगे चौराहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था, बढ़ते सड़क हादसों और अक्सर लगने वाले जाम की समस्या को लेकर जिला प्रशासन अब पूर्ण रूप से एक्शन मोड में नजर आ रहा है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने सख्त तेवर अपनाते हुए साफ शब्दों में कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात सुधार से जुड़े कार्यों में अब किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पूर्व बैठकों के लंबित कार्यों पर नाराजगी जताते हुए उदासीनता व लापरवाही वरत रहे अधिकारियो को कड़ी फटकार भी लगाई और साथ ही साथ संबंधित विभागों को तत्काल परिणाम दिखाने के लिये सख्त निर्देश भी दिए।



बैठक में शहर के प्रमुख और सबसे व्यस्त चौराहों को ट्रैफिक जाम की विकराल होती समस्या से मुक्त करने के लिए ठोस निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि कोतवाली तिराहा और मिश्रा तिराहा स्थित श्रवण कुमार पार्क का पुनर्विकास किया जाएगा। यातायात को सुचारू बनाने के लिए पार्क का कुछ हिस्सा कम करके वहां लेफ्ट टर्न बनाया जाएगा, जिससे वाहनों को बिना रुके आसान मोड़ मिल सके और जाम की समस्या कम हो। इसके अलावा अंबेडकर चौराहा और जिला अस्पताल चौराहा को मॉडल चौराहा बनाया जाएगा, जहां सोलर ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाएंगे और यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित किया जाएगा। शहर में ई रिक्शा संचालन को लेकर भी बैठक में सख्त रुख अपनाया गया।

जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई सुरक्षा संबंधी चिंताओं को देखते हुए कलेक्टर ने ई रिक्शा चालकों का पुलिस वेरिफिकेशन कराने के निर्देश दिए, ताकि शहर में सुरक्षित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। साथ ही करमासन घाट, कुंडेश्वर मार्ग और बंडा नहर पुल पर सुरक्षा की दृष्टि से रेलिंग लगाने के निर्देश दिए गए, क्योंकि इन स्थानों पर पूर्व में हुए हादसों को देखते हुए दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है। शहर के भीतर बढ़ते यातायात दबाव को कम करने के लिए प्रशासन ने थोक सब्जी मंडी, मैकेनिक शॉप और ट्रांसपोर्ट नगर को शहर से बाहर स्थानांतरित करने की दिशा में भी योजना बनाने के निर्देश दिए। अधिकारियों को इस संबंध में जल्द प्रस्ताव तैयार कर कार्रवाई शुरू करने के लिए कहा गया, ताकि शहर के मुख्य मार्गों पर भारी वाहनों और व्यावसायिक गतिविधियों का दबाव कम किया जा सके। बैठक के दौरान बल्देवगढ़ में पिछले ढाई वर्षों से लंबित बाईपास सड़क निर्माण का मामला भी प्रमुखता से उठा। इस पर कलेक्टर श्रोत्रिय ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को प्राथमिकता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में अनावश्यक देरी से जनता को परेशानी होती है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इसके अलावा शहर में हाथ ठेला, फल एवं छोटे व्यापारियों के लिए अलग से हॉकर जोन बनाए जाने का निर्णय लिया गया, ताकि सड़कों पर होने वाले अतिक्रमण को रोका जा सके। प्रशासन का मानना है कि हॉकर जोन बनने से छोटे व्यापारियों को भी व्यवस्थित स्थान मिलेगा और शहर की यातायात व्यवस्था भी सुधरेगी। कुल मिलाकर जिला सड़क सुरक्षा समिति की इस बैठक में लिए गए निर्णयों को शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने की दिशा में बड़े और सख्त कदम के रूप में देखा जा रहा है। अब प्रशासन की सख्ती के बाद संबंधित विभागों की कार्यशैली और शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार पर सभी की नजर रहेगी। ये देखना रोचक होगा कि बैठक में लिये गये प्रशासन के ये सख्त फैसले अब धरातल पर कितनी तेजी से उतरते हैं।

### विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# गैस की मार से परेशान जनता सिलेंडर उठाकर पहुंची तहसील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

नगर और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंगलवार को पलेरा में एक अनोखा विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। समाजसेवी रामकुमार यादव के नेतृत्व में नागरिक कंधे पर रसोई गैस सिलेंडर रखकर नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे और राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। प्रदर्शन के इस अनोखे तरीके ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया और क्षेत्र में गैस किल्लत तथा मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं को लेकर जनता के आक्रोश को उजागर किया।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि पलेरा नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से रसोई गैस की किल्लत बनी हुई है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी समस्या को प्रमुख मुद्दा बनाते हुए नागरिकों ने कंधे पर सिलेंडर रखकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया।

समाजसेवी रामकुमार यादव ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित 5 सूत्रीय मांग पत्र तहसीलदार को सौंपते हुए कहा कि यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। ज्ञापन में पलेरा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गैस आपूर्ति नियमित करने, नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 05 स्थित ऐतिहासिक हनुमान टोरिया मंदिर की जर्जर सीढ़ियों की मरम्मत कराने, नगर के प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने, सभी वार्डों में नालियों की नियमित सफाई कराने तथा वार्ड क्रमांक 11 निवासी सिद्दीक खान को बिना पानी सप्लाई दिए भेजे गए 7500 रुपये के नल बिल की जांच कर बिल शून्य करने की मांग शामिल है। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। तहसीलदार ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए मांगों पर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान इमरान खान, अकरम खान, सिद्दीक खान, संजय परिहार सहित कई नागरिक उपस्थित रहे। यह अनोखा प्रदर्शन क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

### श्रीहनुमंत स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण

# मेहनत लाई रंग, मेधावी छात्रों को मिला सम्मान, चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

श्रीहनुमंत हायर सेकंडरी स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण एवं पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्षद एवं नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे रानू उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार परशुराम प्रभाकर, पत्रकार अकरम खान, पत्रकार उबैश खान एवं पत्रकार रवीन्द्र अहिरवार ने संयुक्त रूप से की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षक वीरेंद्र चंसोरिया मौजूद रहे।




कार्यक्रम की शुरुआत नन्हीं छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना नृत्य से की गई। छात्रा अक्सरा निशा एवं रूसिया ने स्वागत गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर सुशील सर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इसके बाद अतिथियों द्वारा कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को शील्ड एवं मार्कशीट वितरित की गई। साथ ही उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संत गाडगे पुरस्कार के रूप में 500 रुपये नगद, 85 से 89 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वालों को महात्मा ज्योतिबा फुले पुरस्कार के रूप में 200 रुपये, 75 से 84 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वालों को मौलाना अबुल कलाम आजाद पुरस्कार के रूप में 150 रुपये तथा 65 से 74 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ईश्वरचंद्र विद्यासागर पुरस्कार के रूप में 100 रुपये नगद प्रदान किए गए।

पुरस्कार एवं मार्कशीट प्राप्त करते ही विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। अभिभावकों ने भी स्कूल की उक्त पुरस्कार परंपरा की सराहना करते हुए कहा कि इससे बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहन मिलता है। कार्यक्रम में वर्ष भर नियमित रूप से विद्यालय आने वाले छात्र छात्राओं को भी शील्ड देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्रा शैलजा रजक को सम्मानित किया गया।

वहीं बेस्ट टीचर का अवॉर्ड हारून खान को, नियमित एवं समय पर स्कूल आने के लिए आयुषी जैन को, बेस्ट पार्ट टाइम टीचर का अवॉर्ड राहुल राय को तथा समय पर कार्यालय कार्य पूर्ण करने के लिए ऑफिस असिस्टेंट पूजा पाल को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में स्कूल प्राचार्य सरोज रजक सहित स्कूल स्टाफ, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अनुज घोष द्वारा किया गया।



# लंबित कार्य, जल संकट और बजट पर हुआ मंथन, लिए गए निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़ागांव धसान

**नगर परिषद की बैठक में नगर विकास की रूपरेखा और कई प्रस्तावों पर विचार**

नगर परिषद बड़ागांव में नगर विकास, बजट, जल संकट और लंबित निर्माण कार्यों को लेकर विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर के विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्णयों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष भारती प्रजापति, सीएमओ पदम जैन सहित सभी 15 पार्षद उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वप्रथम परिषद की पूर्व बैठकों दिनांक 16 अप्रैल 2025, 16 जुलाई 2025 एवं 21 जनवरी 2026 में पारित किये जा चुके प्रस्तावों की कार्यवाही पर चर्चा की गई तथा विभागीय उपायंत्री को सौंपे गए प्रस्तावों की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके बाद वर्ष 2026-27 के नगर परिषद बजट के अनुमोदन पर विचार किया गया और आय व्यय के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में ग्रीष्म ऋतु के दौरान संभावित जल संकट से निपटने के लिए कार्ययोजना तैयार करने पर विशेष रूप से चर्चा की गई। नगर में पेयजल व्यवस्था सुचारू बनाए रखने, पानी की वैकल्पिक व्यवस्था, टैंकर प्रबंधन एवं खराब पड़ी जल संरचनाओं की मरम्मत जैसे मुद्दों पर परिषद सदस्यों ने अपने सुझाव रखे गये। इसके अलावा नगर में चल रहे लंबित निर्माण कार्यों एवं गुणवत्ताहीन निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने और संबंधित ठेकेदारों पर कार्रवाई को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में आवेदक अरविंद खरे के निर्माण कार्य की राशि न्यायालय के आदेश अनुसार भुगतान किए जाने के विषय पर भी विचार किया गया।

नगर परिषद की पुरानी बिल्डिंग की मरम्मत कराने का मुद्दा भी बैठक में उठाया गया, जिस पर आवश्यक कार्यवाही करने पर सहमति बनी। बैठक में अन्य विषयों पर भी अध्यक्ष की अनुमति से चर्चा की गई। उक्त बैठक में नगर पंचायत उपाध्यक्ष फूला देवी असाटी सहित पार्षद भैयन चौरयाल, अजीज खान, जितेंद्र कुमार, बृजेंद्र कुशवाहा, सुनील रैकवार, मानकुंवर जिज्जी, कमलेश आदिवासी, कपिल नामदेव, फते विश्वकर्मा, राकेश यादव, मोहन अहिरवार सहित सभी पार्षद उपस्थित रहे। बैठक में नगर विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा करते हुए शीघ्र कार्यवाही पर जोर दिया गया।

# उम्र की मोहताज नहीं होती प्रतिभा : राकेश गिरी

### 5 साल की पार्णिका ने रचा इतिहास, इंडिया प्राउड वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ नाम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

प्रतिभा किसी उम्र की मोहताज नहीं होती, और इसे सच कर दिखाया है नगर की 5 वर्षीय नन्हीं बालिका पार्णिका ने। जिन्होंने अपनी अद्भुत प्रतिभा और मेहनत के दम पर कम उम्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए इंडिया प्राउड वर्ल्ड ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराकर जिले और क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। उक्त संबोधन पूर्व विधायक राकेश गिरी ने देते हुए कहा कि इस उपलब्धि न केवल इनका परिवार बल्कि नगर सहित संपूर्ण जिला गौरवान्वित महसूस करेगा।

अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम में पूर्व विधायक राकेश गिरी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में मौजूद प्रतिभान छात्रा के परिजनों ने बताया कि पार्णिका बचपन से ही असाधारण प्रतिभा की धनी रही है। उसकी लगन, मेहनत और सीखने की इच्छा ने इतनी छोटी उम्र में ही उसे इस मुकाम तक पहुंचा दिया। पार्णिका का एक विशेष प्रदर्शन वीडियो संस्था को भेजा गया था, जिसके आधार पर उसकी प्रतिभा का मूल्यांकन किया गया। प्रदर्शन से प्रभावित होकर संस्था ने पार्णिका का चयन किया और उसे इंडिया प्राउड वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान प्रदान किया। इस उपलब्धि के बाद भोपाल में ज्ञानदान ऑनरेरी डॉक्टरेट अवाड्र्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित समारोह में भी पार्णिका को सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इतनी कम उम्र में मिली इस उपलब्धि को लेकर कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने उसकी प्रतिभा की सराहना की।

पार्णिका की मां कल्याणी श्रीवास्तव ने भावुक होकर बताया कि आज के दौर में जहां बच्चे मोबाइल और सोशल मीडिया में अधिक समय बिताते हैं, वहीं उनकी बेटी ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि यह उनके परिवार के लिए गर्व और खुशी का पल है। वहीं पिता निखिल श्रीवास्तव ने बताया कि पार्णिका की प्रतिभा को पहचानते हुए उन्होंने उसका वीडियो तैयार कर संस्था को भेजा था, जिसके आधार पर उसका चयन हुआ। उन्होंने कहा कि यह सफलता पार्णिका की मेहनत, लगन और परिवार के सहयोग का परिणाम है। पार्णिका की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों द्वारा लगातार बधाइयां दी जा रही हैं। नन्हीं बालिका की यह सफलता अब पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बन गई है।

### जनसुनवाई से शिकायतों में 36 प्रतिशत कमी

# पुलिस की पहल से कम हुई जनता की शिकायतें



**टीकमगढ़।** जिले में पुलिस और आमजन के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से संचालित साप्ताहिक जनसुनवाई एवं नागरिक संवाद कार्यक्रम के रूप में जिला पुलिस द्वारा शुरू की गई इस पहल ने न केवल समस्याओं के त्वरित समाधान का मार्ग प्रशस्त किया है, बल्कि आमजन में सुरक्षा और विश्वास की भावना को भी सशक्त किया है।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में यह जनहितैषी पहल एक प्रभावी पुलिसिंग मॉडल के रूप में उभर रही है, जिसमें संवाद को प्राथमिकता देते हुए त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्रत्येक आवेदक को अपनी बात रखने का पूरा अवसर दिया गया, जिससे पारदर्शिता और विश्वास का माहौल मजबूत हुआ। प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर पंजीकरण किया गया, कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों में निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं जरूरतमंद वर्ग की समस्याओं पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की गई। पुलिस की यह पहल केवल जिला मुख्यालय तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे थाना और चौकी स्तर तक प्रभावी रूप से लागू किया गया है। इससे नागरिकों को स्थानीय स्तर पर ही अपनी समस्याओं का समाधान मिल रहा है और अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिली है। इस जनसुनवाई व्यवस्था के सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं। जिले में प्राप्त शिकायतों में लगभग 36 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

### कुंडेश्वर में संत ने भोलेनाथ की व बल्देवगढ़ में साध्वी ने की बलदाऊ की पूजा अर्चना

# संत और साध्वी एक ही दिन पहुंचे मंदिरों में मत्था टेकने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में सोमवार की रात तब धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर हो गई ज़ब एक ओर संत रविशंकर महाराज शिवधाम कुंडेश्वर मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान भोलेनाथ की विधि विधान से पूजा अर्चना की, वहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री साध्वी उमा भारती बल्देवगढ़ पहुंचीं और प्राचीन बलदाऊ मंदिर में पूजा अर्चना कर नगवासियों से चर्चा की।



जानकारी के अनुसार संत रविशंकर महाराज सोमवार को जबलपुर से सागर आश्रम पहुंचे थे। सागर से अमझरा हनुमान मंदिर के दर्शन करने के बाद वे देर रात शिवधाम कुंडेश्वर पहुंचे। टीकमगढ़ पहुंचने पर पूर्व विधायक राकेश गिरी ने उनका स्वागत किया। कुंडेश्वर मंदिर में संत रविशंकर महाराज ने करीब आधा घंटे तक भगवान शिव की पूजा अर्चना की। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में मौजूद रहे और उन्होंने महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा अर्चना के बाद महाराज मातृधाम छिपरी आश्रम के लिए रवाना हो गए। इस अवसर पर संत रविशंकर महाराज ने बताया कि आगामी 2 अप्रैल को रावतपुरा धाम में हनुमान जयंती का भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। ब्रह्म मुहूर्त में हनुमान जी का अभिषेक और पूजन होगा, जिसके बाद यज्ञ एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से हनुमान जयंती महोत्सव में शामिल होने का आग्रह किया। इसके बाद रात को छिपरी स्थित मातृधाम आश्रम के लिए प्रस्थान कर गए।

## पूर्व सीएम उमा भारती ने किया बलदाऊ मंदिर में पूजन

मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने बल्देवगढ़ पहुंचकर प्राचीन बलदाऊ मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना की और क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान पूर्व मंत्री राहुल सिंह उनके साथ रहे। पूजा के बाद उन्होंने स्थानीय लोगों से धर्म और संस्कृति से जुड़े विषयों पर चर्चा भी की। पूर्व सीएम आगमन को लेकर मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि नगरवासियों द्वारा लगभग तीन वर्ष पूर्व इस प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया था, जिसके बाद मंदिर की भव्यता और आस्था का केंद्र और अधिक बढ़ गया है। इस दौरान पूर्व सीएम उमाभारती ने मंदिर की महिमा बताते हुए कहा कि बल्देवगढ़ नगर के नामकरण का मुख्य आधार यह बलदाऊ मंदिर क्षेत्र का अत्यंत प्राचीन और ऐतिहासिक मंदिर माना जाता है। यह मंदिर बुंदेलखंड के प्राचीन मंदिरों में गिना जाता है और बल्देवगढ़ किले एवं प्राचीन नगरी के धार्मिक केंद्र के रूप में इसकी विशेष पहचान रही है। कहा जाता है कि प्राचीन काल में यहां दूर दूर से श्रद्धालुजन बलदाऊ जी के दर्शन के लिए आते थे और यहां मेले भी लगते थे। मंदिर की वास्तुकला भी प्राचीन शैली की है, जिसमें पत्थरों पर की गई नक्काशी और पारंपरिक बुंदेली स्थापत्य कला की झलक देखने को मिलती है। धार्मिक दृष्टि से बलदाऊ मंदिर बल्देवगढ़ की पहचान माना जाता है और क्षेत्र के प्रमुख आस्था केंद्रों में इसकी गणना होती है। उमा भारती के आगमन से मंदिर की धार्मिक महत्ता और अधिक चर्चा में आ गई है।



## जनगणना 2027 के लिए 1420 प्रगणक एवं 238 सुपरवाईजर नियुक्त

# आज से शुरू होगी ट्रेनिंग, अगले महिने चलेगी मकानों की गणना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

जनगणना 2027 का कार्य जिले में दो चरणों में पूरा होगा। पहला चरण एक मई से शुरू होगा जो 30 मई तक चलेगा,इसमें मकान सूचीकरण एव मकानों की गणना का कार्य पूर्ण किया जायेगा। जबकि दूसरा चरण फरवरी 2027 में पूरा किया जाएगा। जिले में जनगणना के लिए रिर्जव सहित 1420 प्रगणक तथा 238 सुपरवाईजर नियुक्त किये गये है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अर्पित वर्मा द्वारा श्योपुर जिले में जनगणना संबंधी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए जनगणना चार्ज कार्यालय वार 26 फील्ड ट्रेनर नियुक्त किये गये है। यह ट्रेनर प्रगणक एवं पर्यवेक्षको को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इन फील्ड ट्रेनर के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण 1 अप्रैल से जिला पंचायत सभागार में शुरू होगा। सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक चलने वाला यह प्रशिक्षण 03 अप्रैल तक आयोजित होगा।




### 1658 प्रगणक एवं सुपरवाईजर करेंगे जनगणना

जनगणना के लिए जिले में कुल 1658 प्रगणक एवं सुपरवाईजर नियुक्त किये गये है। इसके तहत 1282 प्रगणक बनाये गये है और 138 प्रगणक रिर्जव में रखे गये है। इसी प्रकार 212 सुपरवाईजर को दायित्व सौपा गया है और 26 सुपरवाईजर रिर्जव में रखे गये है। इस प्रकार रिर्जव सहित कुल 1420 प्रगणक और 238 सुपरवाईजर बनाये गये है। जिला योजना अधिकारी गिर्राज शर्मा ने बताया कि श्योपुर तहसील अंतर्गत रिर्जव सहित 357 प्रगणक तथा 60 सुपरवाईजर, नगरपालिका श्योपुर क्षेत्र अंतर्गत 154 प्रगणक एवं 27 सुपरवाईजर, बडौदा तहसील अंतर्गत 179 प्रगणक एवं 30 सुपरवाईजर, नगरीय निकाय बडौदा अंतर्गत 42 प्रगणक एवं 07 सुपरवाईजर, कराहल तहसील अंतर्गत 235 प्रगणक एवं 35 सुपरवाईजर, तहसील वीरपुर अंतर्गत 153 प्रगणक एवं 27 सुपरवाईजर, तहसील विजयपुर अंतर्गत 261 प्रगणक एवं 44 सुपरवाईजर तथा नगरीय निकाय विजयपुर अंतर्गत 39 प्रगणक एवं 8 सुपरवाईजर बनाये गये

विशेष बात यह है कि दो चरणों में होने वाली जनगणना की पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी। जनगणना प्रक्रिया में नागरिक स्वयं स्व-गणना पोर्टल पर अपनी जानकारी भर सकते हैं। जनगणना के दौरान प्रगणक के घर आने पर उन्हें यह जानकारी देनी होगी तब इस जानकारी को डिजिटल संकलित करेंगे। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बताया कि जनगणना 2027 में स्व-गणना पोर्टल (एसई पोर्टल) एवं मोबाइल एप (एचएलओ एप) के माध्यम से आंकड़ों का संकलन किया जायेगा। इसी क्रम में मकान सूचीकरण ब्लॉक क्रिएटर (एचएलबीसी) वेब पोर्टल के माध्यम से मकान सूचीकरण ब्लॉक का सृजन किया गया है। जनगणना प्रबंधन और निगरानी प्रणाली (सीएमएमएस) वेब पोर्टल के माध्यम से मैनेजमेंट एवं मॉनिटरिंग की जाएगी।

### गणनाकर्मी पूछेंगे 33 सवाल, देना होगा जबाव

जनगणना के लिए घर घर पहुंचने वाली गणनाकर्मी लोगों से 33 सवाल पूछेगे। जिनका जबाव प्रत्येक नागरिक को देना होगा। बताया गया है कि गणनाकर्मी जनगणना के दौरान जिन बिंदुओ को लेकर जानकारी एकत्रित करेगे,उनमें भवन नंबर, जनगणना मकान नंबर, मकान की दीवार, छत और फर्श में प्रयुक्त सामग्री, मकान का उपयोग और स्थिति की जानकारी ली जाएगी। परिवार, परिवार में रहने वाले सदस्यों की संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, लिंग, सामाजिक वर्ग (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य) से संबंधित विवरण दर्ज किया जाएगा। जनगणना के दौरान पेयजल का मुख्य स्रोत, प्रकाश का स्रोत, शौचालय की उपलब्धता और उसका प्रकार, गंदे पानी की निकासी, रसोईघर एवं उसमें प्रयुक्त ईंधन की जानकारी भी ली जाएगी। इसके अलावा घर में स्नानघर, एलपीजी, पीएनजी कनेक्शन, टेलीविजन, रेडियो, इंटरनेट सुविधा, कंप्यूटर, मोबाइल, स्मार्टफोन, साइकिल, स्कूटर, मोटर साइकिल, मोपेड, कार, जीप या वैन जैसी सुविधाओं और वाहनों की जानकारी भी शामिल है। परिवार द्वारा उपयोग किए जाने वाले मुख्य खाद्यान्न, परिवार में रहने वाले विवाहित दंपत्तियों की संख्या, परिवार के मुखिया का व्यवसाय तथा मकान के स्वामित्व की स्थिति से जुड़ी जानकारी भी जनगणना में दर्ज की जाएगी।

## प्रवेशोत्सव को समारोह पूर्वक मनाने के दिए निर्देश

# औचक निरीक्षण करने पहुंचे श्योपुर बीआरसी ने एमडीएम पर जताई नाराज़गी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जन शिक्षा केंद्र श्योपुर के समन्वयक (बीआरसी) सतेंद्र सिंह ने बीते रोज शहरी क्षेत्र के स्कूलों का एक अप्रैल से मनाए जाने वाले शाला प्रवेशोत्सव को लेकर चल रही तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए प्रवेशोत्सव समारोहपूर्वक मनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने किला रोड स्थित एनएमइस उर्दू गांधी स्कूल में एमडीएम व्यवस्था बेकार मिली जिसपर उन्होंने शाला प्रभारी कमलजीत सिंह सिसोदिया को आवश्यक निर्देश दिए।

विभिन्न स्कूलों में औचक निरीक्षण करने पहुंचे बीआरसी सतेंद्र सिंह ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेशोत्सव कार्यक्रम (स्कूल चलें हम अभियान) जो 1 अप्रैल 2026 से शुरू होकर 4 अप्रैल 2026 तक पूरे मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों में आयोजित किया जाना है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना, ड्रॉपआउट बच्चों को वापस स्कूल लाना है उन्होंने शिक्षकों से आव्हान किया कि वह अपने आसपास और राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा भेजी जाने वाली ड्रॉप आउट बच्चों को तलाशकर उन्हें स्कूल में लाकर उनका नामांकन कराने का काम करें। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिए कि जो भी नए छात्रों का स्कूल में तिलक लगाकर स्वागत किया जाए और विद्यार्थियों से प्रेम पूर्वक व्यवहार हो ताकि बच्चा स्कूल ओर पढ़ाई को बोझ समझने के बजाए एंजॉय करे। इस दौरान उनके साथ एपीसी रामबाबू वर्मा एवं हरि प्रसाद जाटव मौजूद रहे। इस दौरान बीआरसी ने उर्दू गांधी स्कूल में पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत संचालित एमडीएम व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए शाला कमलजीत सिंह प्रभारी सिसोदिया को सुधार के निर्देश दिए।



### स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत कार्यक्रम आज

कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम 01 अप्रैल को प्रातः 9.30 बजे से सांदीपनि विद्यालय श्योपुर में आयोजित किया जायेगा। प्राचार्य अशोक खंडेलवाल ने बताया कि स्कूल चले हम अभियान का शुभारंभ 01 अप्रैल को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा भोपाल में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से प्रातः 10 बजे किया जा रहा है। जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय में विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया जायेगा तथा पात्र विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल प्रदाय की जायेगी।

## गुना में जनसंवाद चौपाल कार्यक्रम आयोजित

# पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने आमजन से सीधा संवाद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और आमजन में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने रविवार शाम बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सतनपुर में जनसंवाद चौपाल का आयोजन किया। इस पहल के तहत उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं व सुझावों को सुना।भयमुक्त और सुरक्षित वातावरण बनाने पर जोरचौपाल का मुख्य उद्देश्य जिले में भयमुक्त, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण करना था। एसपी वासल ने उपस्थित महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और बच्चों से संवाद करते हुए नए आपराधिक कानून (भारतीय न्याय संहिता 2023), पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, बाल मजदूरी अधिनियम 1986, सड़क सुरक्षा, नशामुक्ति और साइबर अपराध जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी।उन्होंने स्पष्ट किया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह करना कानूनन अपराध है।



### कांग्रेस नेता अजय सिंह आज श्योपुर में

श्योपुर । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व विधानसभा नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह बुधवार को श्योपुर पहुंचेंगे यहां वे विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे एवं कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं के घर पहुंच कर चर्चा करेंगे। जिला कांग्रेस के संगठन सचिव संजीव कुशवाह एवं कांग्रेस नेता आशीष चौहान ने बताया कि अजय सिंह (राहुल भैया) बुधवार को श्योपुर पहुंचकर बगडुआ के पूर्व सरपंच आबिद खॉन के घर सौजन्य भेंट करने पहुंचेंगे। बाद में वह ज्वालापुर सरपंच शरीफ मोहम्मद के बेटे के विवाह कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसी दिन वह किला निवासी अबरार खान (जुगनू भाई) की बेटी की शादी में शिरकत करने रामद्वारा मैरिज गार्डन पहुंचेंगे। सोंईकलां के पूर्व सरपंच राम सिंह मीणा की माताजी के देहांत पर शोक संवेदनाएँ व्यक्त करने उनके निवास पर जाएंगे। जाटखेड़ा स्थित विधायक बाबू जंण्डेल के निवास पर पहुंचकर चाय नाश्ता करेंगे तथा मांगीलाल बैरवा (जिलाध्यक्ष कांग्रेस) श्योपुर के निवास पर पहुंचकर उनसे भेंट करेंगे और उनकी पूर्व में हुई दुर्घटना के बारे में जानकारी लेंगे। इसके अलावा वह कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भी मिलेंगे।

## वरिष्ठ शिक्षक डॉ अशफाक खान के सेवानिवृत्त होने पर स्टाफ ने दी विदाई

# सेवानिवृति जीवन के नए युग की शुरुआत इसे गंभीरता से लें: सीताराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सेवानिवृत्ति शासकीय सेवा में आवश्यक अंग है जिस दिन हम नौकरी में जोइनिंग देते हैं उसी दिन हमारी सेवा पुस्तिका में रिटायरमेंट का दिन निश्चित कर दिया जाता है। हर शासकीय सेवक को एक दिन सेवानिवृत्त होना पड़ता है लेकिन सेवानिवृत्ति का मतलब यह नहीं कि हम अपने जीवन से निवृत हो जाए बल्कि सेवानिवृत्ति हमें नए जीवन को शुरू करने का अवसर देती है जो हम शासकीय सेवा में होते हुए अपनी पसंद के काम नहीं कर पाते हैं वह काम करने ओर जीवन खुलकर जीने का अवसर हमें सेवा निवृत्ति पर मिलता है। यह बात एक्सीलेंस स्कूल श्योपुर के प्रिंसिपल सीताराम आदिवासी ने एकीकृत शाला एक्सीलेंस के मिडिल स्कूल क्रमांक 01 के प्रिंसिपल डॉ अशफाक अर्शी के सेवानिवृत्ति होने पर स्टाफ द्वारा दी गई विदाई पार्टी में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधन देते हुए कही।

शिक्षक के साथ-साथ साहित्य के क्षेत्र में अपनी पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बनाने में सफल रहे डॉ अशफाक अर्शी विशुद्ध लेखक हैं। उनके द्वारा लिखित सावन की धूप किताब काफी लोकप्रिय हुई अब वह जिले के पर्यटन से देश विदेश के सैलानियों को रूबरू कराने वाली किताब ₹पर्यटन की ओर बढ़ते श्योपुर के कदम₹ प्रकाशन को तैयार है। सेवानिवृत होने पर उनके स्टाफ द्वारा दी गई विदाई में संकुल प्रिंसिपल के प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे भरत जाट ने उनके द्वारा दी गई सेवाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में मिडिल स्कूल क्रमांक 1 ने जो तरक्की की है वह उल्लेखनीय है हमें कभी भी स्कूल से कोई शिकायत नहीं मिली। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक प्रीति भटनागर ने किया। इस दौरान स्टाफ के साथ-साथ विभिन्न स्कूलों के शिक्षक और उनके परिजन मौजूद रहे बाद में स्टाफ ने सेवानिवृत शिक्षक डॉ अशफाक खान और उनके परिजनों को उपहार देकर विदाई दी।



## फरियाद लेकर जनसुनवाई में पहुंची विधवा, एडीएम ने तहसीलदार को दिए कब्जा दिलाने के निर्देश

# साहब! जेठ नहीं छोड़ रहा मेरे हिस्से की भूमि से कब्जा, कैसे करूं बच्चों का भरण पोषण?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

साहब! मेरे पति की मौत हो चुकी है और मेरे हिस्से की कृषि भूमि पर जेठ कब्जा जमाकर बैठा है। ऐसे में मेरे तीन छोटे छोटे बच्चों का भरण पोषण करना मुश्किल हो रहा है। मुझे मेरे हिस्से की कृषि भूमि दिलवाए। यह पीडा मंगलवार को जनसुनवाई में बडौदा से आई विधवा महिला रोशनी बाई ने कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर जनसुनवाई कर रहे अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय को आवेदन सौपते हुए सुनाई। इस पर अपर कलेक्टर ने तहसीलदार बडौदा सुरेश राठौर को निर्देश दिये कि महिला को उसके हिस्से की जमीन पर कब्जा दिलाये जाने की कार्यवाही की जायें। जनसुनवाई में 90 लोगो ने पहुंचकर अपनी परेशानी अफसरों को बताई। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, तहसीलदार मनीषा मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता प्रदान किये जाने संबंधी 2 आवेदनों का निराकरण करते हुए हितग्राहियों को अवगत कराया गया कि उनके प्रकरणों में ईपीओ जारी हो चुका है तथा शीघ्र ही बैंक खातो के माध्यम से राशि प्राप्त होगी। इलियास खान निवासी ग्राम हसनपुर हवेली द्वारा अपने पुत्र स्व.शादाब की मृत्यु पर तथा बबलू आदिवासी निवासी ग्राम राडेप द्वारा अपनी पत्नि स्व.ममता आदिवासी की सामान्य मृत्यु पर अनुग्रह राशि प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये। आवेदनो के परीक्षण उपरांत संबंधित आवेदको को अवगत कराया कि उनके प्रकरणों में दो-दो लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत हो गई है




# फूफा की हत्या करने वाले भतीजे को पुलिस ने अरेस्ट कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पिता पुत्र के बीच हो रहे विवाद में बीच बचाव करने आए फूफा की कुल्हाडी मारकर हत्या करने वाले आरोपी को गसवानी थाना पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश किया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। गसवानी थाना प्रभारी भारत सिंह गुर्जर ने बताया कि ग्राम बडौदाकलां निवासी अजय आदिवासी जब अपने पिता से विवाद कर रहा था,तभी फूफा नरेश आदिवासी बीच बचाव करने पहुंच गया। जिसकी अजय आदिवासी ने कुल्हाडी मारकर हत्या कर दी। इस मामले में आरोपी अजय आदिवासी को हत्या का मामला दर्ज कर अरेस्ट कर लिया और न्यायालय मे पेश करके जेल भेज दिया है।



## पहले 7 से शुरू होनी थी खरीदी, अब 15 अप्रैल से शुरू होगी खरीदी

# आगे बढी गेहूं खरीदी शुरू होने की तारीख किसानों को करना होगा 15 दिन का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी शुरू होने का इंतजार कर रहे किसानों को अब 15 दिन और इंतजार करना होगा। इसके बाद ही गेंहू खरीदी का काम शुरू हो पाएगा। दरअसल पहले श्योपुर जिले में समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी 7 अप्रैल से शुरू होने वाली थी,लेकिन शासन ने अब इसकी तिथि आगे बढा दी है। जिसके चलते अब जिले में समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी 15 अप्रैल से शुरू हो सकेगी। गेंहू की खरीदी की तारीख आगे बढने के पीछे युद्ध के हालात बताए जा रहे है।

बताया जा रहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण जूट के बारदाने की कमी उत्पन्न हो गई है, इस समस्या से निपटने के लिए सरकार द्वारा गेंहू खरीदी की तारीख को आगे बढाया गया है। बता दें कि वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेंहू विक्रय करने के लिए जिले के कुल 18 हजार 74 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है तथा गेंहू खरीदी करने के लिए प्रशासन के द्वारा 33 खरीद केन्द्रों का निर्धारण भी कर दिया गया है। हालांकि प्रशासन का कहना है कि जरूरत लगने पर खरीद केन्द्रों की संख्या घटाई औ बढाई भी जा सकती है। शासन की ओर से 40 रूपये बोनस सहित 2625 रूपये समर्थन मूल्य घोषित किया गया है। इस संबंध में प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी विजय शाक्य का कहना है कि समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी 15 अप्रैल से शुरू होगी। गेंहू खरीदी के लिए हमारी तैयारियां चल रही है। जैसे ही सायलों केन्द्रों का निर्धारण होगा, वैसे ही जिला स्तर से खरीदी केन्द्रों की सूची जारी कर दी जाएगी। खरीदी के दौरान किसानों को परेशानी न आए,इसका भी पूरा ध्यान रखा जाएगा।



### भावांतर योजना में सरसों की खरीद आज से

जिले की अधिसूचित मंडियों में 01 अप्रैल से भावांतर योजना के तहत सरसों का विक्रय करने वाले पंजीकृत किसानों को भावांतर योजना का लाभ मिलेगा। जिले में 1890 किसानों द्वारा भावांतर योजना के तहत सरसो फसल के विक्रय हेतु पंजीयन कराया गया है। भावांतर भुगतान योजना में सरसों फसल की खरीदी 01 अप्रैल से 30 मई 2026 के मध्य जिले की अधिसूचित मंडियों श्योपुर, बडौदा, विजयपुर एवं कराहल में की जायेगी। योजनांतर्गत प्रथम दो सप्ताह में विक्रय के लिए मॉडल रेट का निर्धारण, सीजन के प्रथम 14 दिवस की अवधि में प्रदेश की समस्त मण्डियों में सरसों के विक्रय मूल्य का औसत मानकर निर्धारित किया जायेगा। प्रतिदिन का मॉडल रेट मध्यरात्रि 12 बजे से ई-मंडी पोर्टल पर प्रदार्शित किया जायेगा। अधिसूचित मंडियों में (एफएक्यू मानक के अनुरूप) का बिक्री मूल्य एमएसपी से कम हो, परंतु प्रदेश सरकार द्वारा घोषित औसत थोक मूल्य (मॉडल प्राइस) से अधिक हो, तो किसान को एमएसपी और वास्तविक बिक्री के अंतर की राशि प्रदाय की जाएगी। किसानों को भावांतर भुगतान की राशि डीबीटी के माध्यम से मंडी बोर्ड द्वारा भुगतान किया जाएगा। सरसों फसल का एमएसपी 6200 रूपये प्रति क्विंटल है।

### 1 लाख 21 हजार मैट्रिक टन खरीदा का लक्ष्य

जिले में समर्थन मूल्य पर 1 लाख 21 हजार मैट्रिक टन गेंहू खरीदने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की पूर्ति करने के लिए विभाग की ओर से तैयारियां की जा रही है। बताया गया है कि समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए 33 खरीद केन्द्रों का निर्धारण किया है। जहां अब 15 अप्रैल से गेंहू की खरीदी शुरू हो जाएगी। इस बार खरीदी 15 अप्रैल से शुरू होने से किसानों को परेशानी होगी, क्योंकि कई किसानों की गेंहू की फसल कटकर तैयार हो गई है। ऐसे में उन्हें फसल को समर्थन मूल्य पर विक्रय करने के लिए इंतजार करना पडेगा

### कितने सायलो केन्द्रों पर होगी खरीदी, अभी निर्धारण नहीं

गुजरे सालों के दौरान जिले में समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी दो सायलो केन्द्रों पर की जाती है। लेकिन इस बार कितने सायलो केन्द्रों पर गेंहू की खरीदी की जाएगी,इसका निर्धारण अभी नहीं हुआ है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सायलो केन्द्रों का निर्धारण भोपाल स्तर से होता है। जो अभी नहीं हुआ है,लेकिन इसके लिए भोपाल स्तर पर तैयारियां चल रही है। बताया जा रहा है कि जल्द सायलों केन्द्रों पर गेहू खरीदी करने के लिए टेंडर निकल जाएगा। जिसके बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी कि श्योपुर जिले में गेंहू खरीदी पहले की भांति दो सायलों केन्द्रों पर हो जाएगी या फिर एक ही सायलो केन्द्र रखा जाएगा।

## घायलों में सबसे ज्यादा महिलाएं शामिल, दोनो पक्षों पर क्रॉस केस

# खितरपाल में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, 13 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खितरपाल में मंगलवार की सुबह रावत परिवार और जाटव परिवार के लोग जमीनी विवाद को लेकर आपस में भिड गए। कहासुनी से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया। इस दौरान दोनो तरफ से जमकर लाठी और कुल्हाडी चल गई। विवाद में दोनां तरफ से 13 लोग घायल हो गए। घायलो में सबसे ज्यादा महिलाएं शामिल है। सभी घायलों को इलाज के लिए विजयपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दाखिल कराया गया। इस मामले में विजयपुर थाना पुलिस ने दोनो पक्षों के खिलाफ क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली है।



विजयपुर थाना पुलिस ने बताया कि इस विवाद में जाटव परिवार की ओर से नौ लोग घायल हुए है। जिनमें सत्यपाल जाटव, दर्शन, मोरपति बाई, सरूपी बाई, रामदेही बाई, आशा, कोमल, सुनील जाटव, प्रीतम और महेश शामिल है। वहीं रावत परिवार की ओर से 4 लोग जख्मी हुए है। इनमें चोखेराम रावत, महिला रामरति बाई, सुशीला और पूजा शामिल है। सभी घायलों को इलाज के लिए विजयपुर अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने इस मामले में एक पक्ष से मुकेश पुत्र मुरारी जाटव निवासी खितरपाल की रिपोर्ट पर माखन रावत, चोखेराम रावत, धीरा, बंटी, कलुआ, बल्लू, सडुआ रावत के खिलाफ मारपीट और एससीएसटी एक्ट की धाराओ के तहत मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष से चोखेराम रावत पुत्र आदिराम रावत निवासी खितरपाल की रिपोर्ट पर दर्शन जाटव, रामदीन जाटव, मुरारी, मुकेश, सत्यपाल, शिवराम, प्रीतम, महेश जाटव के खिलाफ मारपीट की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

## खबर संक्षेप

### शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत अशोकनगर निवासी जसमन दांगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राजीव शर्मा और बलवीर यादव निवासी छज्जू बरखेडा में शासकीय माध्यमिक विद्यालय कचनार के प्राचार्य के कार्यालय में आकर चिल्ला चोंट की और शासकीय कार्य में बांधा पहुंचाई। जिस पर से मामला दर्ज किया गया है।

### जुए के अडडे पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत पुलिस ने कुढीघाट के पास नई भसूआ मडी के समीप ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए धर्मेन्द्र कुशवाह, मोहनसिंह ओझा, मोहन चैबे, छोटू चैबे, विनोद जैन को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी और 12500 रूपए बरामद किए हैं।

### 720 ग्राम गांजा बरामद कर आरोपी को गिरफ्त में किया

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत पुलिस ने बोहरे कॉलोनी निवासी रवि उर्फ तोता पुत्र गजराज गिरी के पास से 720 ग्राम गांजा बरामद किया है। जिसे पड़रिया रोड आरा मशीन के समीप बने नाले के पास से जप्त किया गया है और पुलिस ने आरोपी को गिरफ्त ने लिया है।

### बाईक ने स्कूटी में टक्कर मारी

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम बाबरौद निवासी संजय खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शिवराम ओझा निवासी सिरसौरा ने खिरिया तिराहे के पास बाबरौद पुलिया के समीप अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

### युवक की टावर से नीचे गिरने से मौत

**अशोकनगर।** स्थानीय मोहरी पुलिस लाईन के पीछे बिजली की बडी लाईन के लिए टावर खड़ा करने का प्रयास करते समय एक युवक के नीचे गिरने से मौत हो गई। जिसकी पहचान अरूण पुत्र शिब्बू कश्यप जिला शाहजहांपुर उत्तरप्रदेश के रूप में की गई है। बताया गया है कि मृतक कंपनी के ठेकेदार के लिए काम करने आया था। टावंर से नीचे उतरते समय वह अचानक फिसल गया, जिससे उसके सिर में चोटे आई थीं उसे साथ में रहने वाले लोग उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### चैकिंग के दौरान बाईक कार से टकराई, दो घायल

**अशोकनगर।** स्थानीय गुना अशोकनगर रोड पर शाढ़ौरा के माहौर पेट्रोल पंप के पास वाहन चैकिंग के दौरान एक बाईक कार से जा टकराई। इस घटना में बाईक पर बैठे दो लोग घायल हो गए। इस घटना में आरोप लगाया गया है कि चैंकिंग के दौरान एक पुलिस कर्मी ने बाईक को रोकने के दौरान थप्पड़ मार दिया जिससे बाईक अनियंत्रित हो गई थी। तभी सामने से कार आ गई जो बाईक की चपेट में आ गई। हादसे के बाद लोगों ने हंगामा किया और सड़क पर जाम लगा दिया, जिसके बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जाम खुलवाया गया। पुलिस कर्मी का नाम अमित शर्मा बताया गया है, घायलों को पहले शाढ़ौरा अस्पताल ले जाया गया बाद में जिला असपताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गहोरा निवासी संजय बाल्मीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विजय जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से विजय जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि संजय बाल्मीक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तिन्सी निवासी रामसिंह आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लालाराम आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## महिला संगठनों के साथ युवाओं की भारी भीड़ रही, गरीबों को निःशुल्क भोजन और वस्त्र प्रदान किए

# भगवान महावीर स्वामी का शुभ संदेश जियो और जीने दो के साथ शहर में निकला चल समारोह









हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक दिवस पर अशोकनगर शहर भगवान महावीर स्वामी के अहिंसामयी संदेशों से गूंज उठा। भगवान की जय जयकार के बीच निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिला संगठन और युवाओं के संगठन शामिल रहे। जगह-जगह भगवान की आरती उतारी गई और श्रीफल भेंट किए गए। यह सम्पूर्ण आयोजन पूज्य मुनि श्री अविचल सागर महाराज के सानिध्य में आयोजित किया गया।

शहर के सुभाष गंज जैन मंदिर परिसर से निकली यह शोभा यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से निकाली गई। यह शोभायात्रा आचार्य श्री विद्यासागर दार भगवान महावीर मार्ग गांधी पार्क पुराना वजार गांव मन्दिर प्रसोसन रोड़ सुराना पार्क वजरिया मोहल्ला इन्द्रा पार्क होते हुए सुभाष गंज मैदान में आकर धर्म सभा में बदल गई। शोभायात्रा में आगे आगे युवाओं के दिव्यघोष और उनके पीछे विद्यासागर पाठशाला के बच्चे तथा महिला मंडल अपने हाथों में भगवान महावीर के संदेश के साथ चल समारोह में नजर आए। इस चल समारोह में अविचल सागर जी महाराज भी शामिल हुए। जहां लोगों ने उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

**भगवान महावीर की दिव्य वाणी में जगत को एकजुट करने की ताकत थी - कलेक्टर -** शोभायात्रा सुभाष गंज आकर धर्मसभा में बदल गई जहां जिला कलेक्टर साकेत मालवीय ने कहा कि आज हम देश वासी एक ऐसे महा मना की जन्म जयंती मना रहे हैं। जिनकी वाणी में जगत को एकजुट करने की शक्ति थी उन्होंने विश्व को पांच सूत्र दिए सत्य, अहिंसा, स्वाद्वाद, अपरिग्रह, और ब्रह्मचर्य। आज दुनिया में आशान्ति फैली हुई है। जगत को अनुशासित कर शान्ति का मंत्र भगवान महावीर स्वामी ने दिया। दुनिया इसको अपा कर जीवन में शांति को प्राप्त कर सकती हैं। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन एडिशन एसपी गजेन्द्र सिंह कंवर विधायक हरिबावू राय जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल उपाध्यक्ष अजित वरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारिल्य मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडीटर संजय केटी संयोजक उमेश सिघई मनीष सिंघई मनोज रन्नौद संयोजक श्रेयांस घैला दारा पीत वस्त्र तिलक माला के साथ किया गया।

### अपने जीवन को महान बनाने का विचार मन को दें: मुनिश्री

इस अवसर पर मुनिश्री अविचल सागर जी महाराज ने कहा कि आज भगवान महावीर जयंती समारोह में उनकी जयंती मनाने के लिए उपस्थित हुए हैं महोत्सव महा पुरुष के जीवन को उत्साह से मनाने का नाम है।



हम अपने जीवन को जीये जा रहे हैं। अपने मन को कहो अपने जीवन को हमें महान बनाना है आपको अपने मानस पटल पर बार-बार यह विचार लाने होंगे। आप का दो हजार पच्चीस का वर्ष ऐसा रहा जिसमें अपने गुरु देव मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज के सानिध्य में महान वनने के लिए दान पुण्य देकर लगातार चार महीने तक अपने जीवन को धन्य बनाने के लिए बहुत कुछ किया है।

सम्पूर्ण भारत वर्ष में साढ़े छः लाख गांव में मनुष्य को बहुत सुंदर चिकित्सा व्यवस्था है लेकिन देश में सर्व सुविधायुक्त गायों को कोई अस्पताल नहीं है लेकिन भारत का पहला अस्पताल परम पूज्य मुनि पुंगवश्री सुधासागर जी का आशीर्वाद अशोकनगर में प्रारंभ हुआ। यह ऐम्बूलेस के साथ ही आज बड़ी ऐक्सरा मशीन आज शालू भारत एवं पोर्टैविल ऐक्सरा मशीन संजय केटी द्वारा भेंट की जा रही है।



### जगत कल्याण की कामना के लिए हुई महा शान्ति धारा

जहां भगवान के कलशाभिषेक के साथ जगत कल्याण की कामना के लिए शान्ति धारा जैन समाज के मंत्री शैलेन्द्र श्रागर के मधुर भजनों के साथ की गई। जिसका सौभाग्य राजकुमार कासल महावीर जैन राकेश जैन डव्वू गुरु मनीष जैन लालू भाई सहित अन्य भक्तों को मिला इसके बाद दया भावना प्रेरक मुनिश्री अविचल सागर जी महाराज के मंगल प्रवचन हुए। इस दौरान फूल माल ज्ञान माल का आयोजन किया गया जिसका सौभाग्य मनीष कुमार अंशु जैन अतिशय परिधान ज्ञान माल अभय जैन शिक्षक परिवार को प्राप्त हुआ।

### गरीबों को निःशुल्क भोजन और वस्त्र प्रदान किए गए

सुबह 11:30 बजे भगवान महावीर जन्म जयंती पर केवल चन्द्र प्रकाश चन्द्र कनैरा परिवार के पुण्यार्जन में गरीबों को प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी निःशुल्क भोजन प्रदान किया गया। इस मौके पर रेडीमेड वस्त्र व्यवसाही संघ द्वारा गरीबों को निःशुल्क वस्त्र वितरण किए गए। यह वस्त्र पाकर गरीबों के चेहरों पर खुशी देखी गई। शाम को मुनिश्री के मुखारविंद से जिज्ञासा समाधान व भगवान महावीर के सिद्धांतों की विश्व को आवश्यकता पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इसके बाद श्री भक्तावर मंडल आदिश्वर धाम दारा संगीत मय भगवान की महा आराधना की गई। इस दौरान श्री दिगम्बर जैन युवा वर्ग व महिला मंडलों द्वारा भगवान का पालना महिला संगठनों दारा जन्म कल्याणक गीत व पाठशाला के वच्चो दारा संस्कृति कार्यक्रम किया गया।

### महावीर जयंती के अवसर पर ईसागढ़ में निकाली भव्य शोभायात्रा

**ईसागढ़।** जैन धर्म के अनुयायी भगवान महावीर स्वामी का 2625 वां जन्म कल्याणक महोत्सव सोमवार को हर्षोल्लास से नगर ईसागढ़ में मनाया गया, जिसमें प्रातः काल की बेला मैं मंदिर मैं भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक और शांतिधारा की गई। तत्पश्चात श्री दिगम्बर जैन मंदिर ईसागढ़ से श्री चन्द्र प्रभु जैन मंदिर चुंगी नाका तक भव्य शोभायात्रा निकाली जो कि नगर के विभिन्न मार्गो से होकर निकाली गई साथ ही साथ सम्पूर्ण नगर में फल एवं मिष्ठान वितरण किया गया। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी ने अहिंसा, जियो और जीने दो तथा अनेकांतवाद का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी विश्व शांति के लिए प्रासंगिक हैं। भगवान महावीर जी ने सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, अस्तेय और ब्रह्मचर्य जैसे सिद्धांतों के माध्यम से जीवन को सरल और श्रेष्ठ बनाने का मार्ग दिखाया। उनका "जियो और जीने दो" का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है, खासकर ऐसे समय में जब दुनिया में अशांति और हिंसा बढ़ रही है। भगवान महावीर जी की जयंती हमें उनके आदर्शों को अपनाने और एक शांत, प्रेमपूर्ण समाज बनाने की प्रेरणा देती है। इस दौरान डीजे पर महिलाएं पुरुष बच्चे नाचे और आरती कर शोभा यात्रा का समापन किया।





## सेवा करने से तन व दान करने से धन बढ़ता है: पं. शास्त्री

**अशोकनगर।** भागवत कथा के पांचवें दिन नईसरायं तहसील मुख्यालय स्थित झिरिया सरकार मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा में पंचम दिवस परम पूज्य व्यास पंडित मनोज कृष्ण शास्त्री श्रीधाम वृंदावन द्वारा भगवान की सुंदर-सुंदर बाल लीलाओं का वर्णन कथा के माध्यम से श्रवण कराया।

झांकी के द्वारा भक्तों ने भगवान की माखन चोरी लीला का आनंद लिया। माखन चोरी लीला के द्वारा परम पूज्य व्यास महाराज द्वारा बताया गया कि भगवान माखन चुराने के साथ-साथ सभी भक्तों की पापों को भी चुरा लेते हैं जिससे भगवान का भक्त निष्पाप हो जाता है। बड़े-बड़े संत तप एवं जप के द्वारा यज्ञ के द्वारा उन परमात्मा को नहीं पा सकी। बृजवासियों ने उस परमात्मा को प्रेम के द्वारा सहज रूप में पा लिया। बरसों से चली जा रही इंद्र की पूजा को भगवान श्री कृष्ण के कहने पर सभी बृजवासियों ने बंद कर दिया एवं श्री गिरिराज महाराज की पूजन 56 प्रकार की व्यंजनों द्वारा की। झिरिया सरकार पर सभी भक्तों ने भी भगवान गिरिराज जी की परिक्रमा लगाई एवं झरिया सरकार राधा माधव सेवा समिति द्वारा सभी भक्तों को अन्नकूट का प्रसाद भी वितरण किया गया। सभी भक्तों ने नाचते झूमते हुए गिर्राज जी की पूजा की।





## जल्द होगा ओझा समाज समिति का चुनाव, की बैठक

**अशोकनगर।** ओझा समाज समिति के चुनाव जल्द ही संपन्न कराए जाएंगे। इस सम्बन्ध में रविवार की शाम कोलुआ रोड़ पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में ओझा समाज के लोग एकत्रित हुए और चुनाव संपन्न कराए जाने की प्रक्रिया पर अपने विचार रखे। बैठक का शुभारंभ भगवान श्री विश्वकर्मा जी की आरती के साथ हुआ।

समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि श्री ओझा समाज समिति अशोकनगर के जिला अध्यक्ष पद पर काशीराम ओझा थे। जिन्होंने कार्यकाल पूरा होने के बाद अपना इस्तीफा दे दिया। तभी से अध्यक्ष का पद खाली पड़ा है। इसलिए जल्द से जल्द चुनाव प्रक्रिया आरंभ कर समिति का नया अध्यक्ष चुना जाए। समिति सदस्यों ने बताया कि, चुनाव समूचे अशोकनगर जिले का होगा। जिसमें समाज का कोई भी बंधु अध्यक्ष पद के लिए जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर दावेदारी कर सकेगा। साथ ही मतदान प्रक्रिया में भी हिस्सा के सकेगा। वहीं कुछ समाज बंधुओं ने आपसी सहमति से अध्यक्ष चुने जाने की बात कही। चुनाव प्रक्रिया सम्बंधित जरूरी विचार विमर्श के लिए आगामी 5 अप्रैल को एक बार फिर बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष काशीराम ओझा, देवकीनंदन ओझा, मुन्नालाल ओझा, लल्ली राम ओझा, प्रेमनारायण ओझा, गोपाल ओझा, मुकेश सोफा, मुकेश सीडी, मनोज सिहोरा, विष्णु ओझा, अशोक बॉडी, सीताराम ओझा, प्रमोद ओझा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## 'गली-गली में नेता हो गए, चौराहे पर रहे इतराय पागल कुत्ता भले काट ले पर नेता से राम बचाए'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश लेखक संघ इकाई अशोकनगर के तत्वाधान में भगवान महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर मासिक गोष्ठियों की श्रखंला में मार्च माह की काव्य गोष्ठी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गौशाला अशोकनगर के हाल में आयोजित की गई। स्कूल की ओर से राजेश श्रीवास्तव ने सभी कवि एवं अतिथियों का स्वागत सत्कार किया। गोष्ठी की अध्यक्षता लेखक संघ अशोकनगर के अध्यक्ष सुभाष जैन सरल ने की तथा मुख्य अतिथि हिन्दी साहित्य भारती के प्रदेश महामंत्री दिनेश बिरथरे रहे। गोष्ठी का संचालन वरिष्ठ कवि सुधीर गुप्ता ने किया। दूधनाथ मधुकर की सरस्वती वन्दना से काव्य गोष्ठी का शुभारंभ किया गया।

लेखक संघ जिला इकाई के सचिव कवि सुधीर गुप्ता ने बताया कि यह काव्य गोष्ठी भगवान राम के जन्मोत्सव एवं भगवान महावीर जयंती के शुभ अवसर पर आयोजित की जा रही है। अशोकनगर में प्रत्येक माह कम से कम एक गोष्ठी अवश्य आयोजित की जाती है। गोष्ठी के पश्चात वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश विरथरे द्वारा गोष्ठी में सम्मिलित कवियों की कविता की समीक्षा की गई, जिसका उद्देश्य लेखकों कवियों की लेखन क्षमता में वृद्धि के साथ साथ निखार लाना है। मासिक गोष्ठियों की श्रृंखला में यह मार्च माह की गोष्ठी आयोजित की गई है। गोष्ठी में सुभाष सरल ने हे महावीर तुम हो सु-वीर, अरिहंत देव, अतिधीर वीर, जगतारक उद्धारक प्रभु वर निर्वाण पाय भये परमवीर पढ़कर माहौल को भक्तिमय कर दिया।




इसी प्रकार लक्ष्मी नारायण सोनी ने जब तक अयोध्या में सरयू की धार बहेगी, अयोध्या राम की थी राम की है और राम की ही रहेगी से खूब तालियां बटोरी। सुधीर गुप्ता ने ओज की कविता जंजीर गुलामी की तोड़ी थी अपनी जान लुटा कर, आजादी का दीप जलाया कितने कुलदीप बूझाकर, पढकर श्रोताओं में जोश का संचार कर दिया। दिनेश विरथरे की रचना महिदेव धेनु सुर संतों पर, असुरों का अत्याचार बढा। तब परमपिता परमेश्वर को अवतार अवध में लेना पडा विशेष सराही गई। रस परिवर्तन करते हुए व्यंग्य कवि महेश श्रीवास्तव की कविता गली गली में नेता हो गए, चैराहे पर रये इतराय, पागल कुत्ता भले काट ले पर नेता से राम बचाय, ने सबको खूब हंसाया। कवि दूधनाथ मधुकर के भगवान राम को समर्पित पैरौडी गीत भइया भरत को आप बिना कौन संभाले, सीने से लगा ले, कि और मेरा कोई नहीं, ने समा बांध दिया। नवोदय कवियत्री सलोनी पाल ने पडो अगर तो संभल के पडना शायरों के चक्कर में, कलम का जादू भी कभी भी काले जादू से कम नहीं ने खूब वाही वाही बटोरी।


## प्रशासन ने कर्मचारियों को दिया काम पर आने का अंतिम अल्टीमेटम, गंदगी से लोग परेशान

# शहर कचरे के ढेर में तब्दील, सफाई कर्मियों की हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अपनी ऐतिहासिक भव्यता और पुरातत्व महत्व के लिए विश्व विख्यात चंदेरी नगर इन दिनों कचरे के ढेर में तब्दील होती जा रही है। पिछली 24 मार्च से सफाई कर्मियों की जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। आलम यह है कि सड़कों पर गंदगी का अंबार लगा है, जिससे आमजन का जीना मुहाल हो गया है।

**एसडीएम कार्यालय में हुई बैठक, पर नहीं निकला समाधान** समस्या के समाधान हेतु 29 मार्च को तहसील परिसर में एसडीएम की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, एसडीएम मनीष धनगर और नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में सभी पक्षों ने अपने सुझाव रखे, लेकिन गतिरोध बरकरार रहा। सफाई कर्मियों का आरोप है कि सीएमओ द्वारा उनकी मांगों को लेकर केवल गुमराह किया जा रहा है और धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। नगरपालिका सीएमओ का कहना है कि कर्मचारी बिना सूचना के अनुपस्थित हैं और नियम विरुद्ध तरीके से दबाव बना रहे हैं।






**सीएमओ का कड़ा रुख जारी किया अंतिम चेतावनी पत्र** नगर पालिका सीएमओ प्रदीप शर्मा ने हड़ताली कर्मचारियों को अंतिम अल्टीमेटम जारी कर दिया है। प्रशासन द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि पूर्व में स्वीकृत 79 पदों के विरुद्ध 123 कर्मचारी रखने के लिए दबाव बनाया गया, जिससे निकाय पर आर्थिक बोझ बढ़ा और वेतन में देरी हुई। 30 मार्च को जैन समाज के जुलूस के मद्देनजर सफाई के आदेश दिए गए थे, लेकिन कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण स्वयं सीएमओ, नपा अध्यक्ष, पार्षदों और जैन समाज के नागरिकों को सड़कों पर झाड़ू उठानी पड़ी। यदि 30 मार्च तक कर्मचारी काम पर नहीं लौटे, तो उनके विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**जनता का सवाल कब तक चलेगा अल्टीमेटम का खेल?** प्रशासनिक सख्ती के बावजूद स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि नगर पालिका केवल कागजी अल्टीमेटम दे रही है, जबकि हकीकत में शहर की हालत बद से बदतर होती जा रही है। एक तरफ चंदेरी को पर्यटन हब बनाने की बातें होती हैं, दूसरी तरफ सड़कों पर फैला कचरा इस ऐतिहासिक नगरी की छवि को धूमिल कर रहा है। क्या प्रशासन केवल नोटिस देने तक ही सीमित रहेगा? स्थानीय नागरिक अब देखना यह होगा कि 30 मार्च की समय सीमा के बाद प्रशासन क्या सख्त कदम उठाता है या फिर चंदेरी की जनता को इसी गंदगी के बीच रहने को मजबूर होना पड़ेगा।